## पानी को लेकर फूटा महिलाओं का गुस्सा

- खाली बर्तन लेकर पंचायत पहुंचीं
- पानी दो-पानी दो' के नारे लगाए



**सलामतपुर, 20 मई. सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबाड़ी में पेयजल संकट को लेकर महिलाओं का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा. स्टेशन रोड स्थित पुराने स्कूल के पास लंबे समय से पानी की समस्या से परेशान महिलाएं खाली बर्तन लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचीं और जमकर विरोध प्रदर्शन किया.**

महिलाओं ने 'पानी दो-पानी दो' के नारे लगाते हुए बर्तन बजाकर अपनी नाराजगी जताई. स्थिति उस समय और गर्मा गई जब पंचायत कार्यालय पर ताला लटका मिला. तेज धूप में घंटों इंतजार कर रही महिलाओं का आक्रोश बढ़ गया. बाद में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार और सचिव मौके पर पहुंचे, तब जाकर महिलाओं ने अपनी समस्या खुलकर रखी. महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है. अगर कभी पानी आता भी है तो उसमें गंदा और नाली मिला पानी निकलता है, जो पीने योग्य नहीं रहता. महिलाओं ने बताया कि पानी के इंतजार में रातभर नल की टोटी खोलकर देखना पड़ता है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है. कई बार शिकायत करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिले.

ग्रामीणों ने हलाली जलवर्धन योजना पर भी सवाल उठाए. करीब 100 करोड़ रुपए की इस योजना का काम अब तक कई गांवों तक नहीं पहुंच पाया है, जबकि दो साल पहले योजना शुरू होने के दावे किए गए थे. महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर सरपंच प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा.

इस मामले में सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार ने कहा कि पीएचई विभाग से चर्चा कर जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा. अब बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक अंबाडी की महिलाओं को पानी के लिए यूं सड़कों पर उतरना पड़ेगा और पीएचई विभाग कब उनकी प्यास बुझाएगा.

### पूर्व मुख्यमंत्री के संकल्प पर अफसर फेर रहे पानी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2023 तक सभी गांवों में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया था. सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम बड़े जोर शोर से किया जा रहा है कि महिलाओं को पानी की समस्या से निजात मिलेगी. उन्हें घर पर ही नल से पानी उपलब्ध होगा, कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होगी. लेकिन अम्बाड़ी गांव में ऐसा नहीं हो रहा है . एक महिला का कहना है कि पीने के पानी के लिए रात रात भर जागना पड़ रहा है. गंदा पानी आ रहा है.

### इनका कहना है

मई-जून के महीने में भीषण गर्मी के चलते कई बोरबेल सूख जाते हैं. पंचायत फिर भी सभी मोहल्लों में पानी उपलब्ध करा रही है. कुछ जगह लीकेज के कारण गंदा पानी जाने की शिकायत मिली है. हमने पीएचई को सूचना दी है. शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा.

**रमेश कुमार,**
**सरपंच प्रतिनिधि**

## गड्ढे से हुआ हादसा, महिला गंभीर रूप से हुई घायल



**सलामतपुर, 20 मई.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर पुरानी चौकी के पास बना विशाल गड्ढा अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है. आए दिन वाहन चालक इस गड्ढे की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी आंखें मूंदे बैठा है. ताजा मामला मंगलवार शाम के करीब सामने आया, जब भोपाल से गुरारिया सेमरा जा रही एक महिला सड़क हादसे का शिकार हो गई.जानकारी के अनुसार मिथिलेश नामक महिला अपने बेटे और बेटी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी. जैसे ही उनकी बाइक हाइवे 18 की पुरानी चौकी के पास पहुंची, सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बाइक का पहिया चला गया.इससे मोटर साइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और महिला सड़क पर गिर पड़ी. हादसे में महिला के हाथ और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं. अगर पीछे से कोई भारी वाहन आ रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था.

## पत्नी से विवाद पर पति ने की फायरिंग, 3 गिरफ्तार

- सतलापुर में देसी कट्टा और कारतूस बरामद



**रायसेन, 20 मई. जिले के औद्योगिक क्षेत्र सतलापुर में पति-पत्नी के विवाद के दौरान फायरिंग हुई. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं.**

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने लगभग पांच साल पहले निष्कर्ष राजपूत से लव मैरिज की था. पति की बुरी आदतों और लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह करीब तीन साल पहले जयपुर स्थित अपनी मौसी के घर चली गई थी. 16 मई को स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह अपने माता-पिता के घर सतलापुर लौटी थी. उसके साथ परिचित बाबर भी था.

18 मई की रात करीब 8:30 बजे पीड़िता घर के पास साहू किराना स्टोर से सामान ले रही थी. तभी उसका पति निष्कर्ष राजपूत अपने साथियों राकेश और शैलेंद्र के साथ वहां पहुंचा. उनके बीच विवाद शुरू हो गया. पीड़िता के पिता के पहुंचने पर बीच-बचाव के दौरान पति ने देसी कट्टे से हवा में गोलियां चला दीं.फायरिंग से कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन स्थानीय लोग भयभीत हो गए और आरोपी मौके से भाग निकले. पीड़िता ने थाना औद्योगिक क्षेत्र सतलापुर में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई.

पुलिस ने मंगलवार को निष्कर्ष को आयशर कंपनी के पास से, जबकि राकेश और शैलेंद्र को मंडीदीप क्षेत्र से गिरफ्तार किया. तीनों ने घटना स्वीकार कर ली उनके कब्जे से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक लोहे की रॉड बरामद हुई. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया.

> पुलिस ने मंगलवार को निष्कर्ष को आयशर कंपनी के पास से, जबकि राकेश और शैलेंद्र को मंडीदीप क्षेत्र से गिरफ्तार किया. पूछताछ में तीनों ने घटना स्वीकार कर ली आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक लोहे की रॉड बरामद हुई. आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर एसडीओपी शीला सुराणा, की टीम के अन्य सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही.

### एक नजर में

## मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा मैं नियुक्तियां





**उदयपुरा, 20 मई.** मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा के मीडिया प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर अशोक कुमार साहू उदयपुरा को नियुक्त किया है. विवाह प्रकोष्ठ में जिला अध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश साहू उदयपुरा और व्यापारिक प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष के पद पर कैलाश साहू उदयपुरा कौ नियुक्त किया गया. उक्त नियुक्तियां पर समाजजनों में उत्साह का माहौल है. समाज के वरिष्ठ जनों एवं पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है इन नियुक्तियों से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी .यह पदाधिकारी समाज सेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं.उनकी कार्यशैली समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है.

## साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**उदयपुरा, 20 मई.** जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय तेलिक साहू महासभा की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं महिला सशक्तिकरण के सम्मेलन में शामिल होने जा रहे मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू भोपाल का उदयपुरा में रुके. इस अवसर पर विवाह प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू के निवास पर उनका स्वागत किया गया. उनके साथ समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, रमेश साहू बैरसिया, अनिल साहू भोपाल एवं डॉ हेमराज साहू उपस्थित थे.स्वागत करने वालों में संरक्षक घासीराम साहू ओमप्रकाश साहू, राजनीतिक प्रकोष्ठ महामंत्री शिब्बू लाल साहू, मीडिया प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, रतन साहू , प्रदीप साहू, रामकृष्ण साहू , धर्मेंद्र साहू , सुरेश साहू ,संतोष साहू , भगवानदास साहू आदि प्रमुख हैं.

## मेडिकल स्टोर्स बंद रहे, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**उदयपुरा, 20 मई.** ऑनलाइन बिक्री के विरोध में आल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर उदयपुरा केमिस्ट एसोसिएशन के केमिस्टों द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद कर तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया.ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन दवा का व्यापार बहुत लंबे समय से किया जा रहा है. ज्ञापन में कहा कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान से ऑनलाइन माध्यम से दवाइयां की बिक्री बिना चिकित्सक के परामर्श के बिना घर-घर दवा वितरण कर मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. इससेलाखों लाइसेंस धारी छोटे केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर सीधा-सीधा संकट उत्पन्न कर रही है.

## लोडिंग ऑटो की टक्कर से दो युवक घायल

- दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार, ऑटो जब्त



**सलामतपुर, 20 मई.** भोपाल विदिशा हाईवे-18 पर सलामतपुर थाने के पास लोडिंग ऑटो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी. जिससे मोटरसाइकिल चालक और पीछे बैठा युवक घायल हो गए. घटना मंगलवार रात की है. जानकारी अनुसार एक लोडिंग ऑटो एमपी04 वाईएक्स 4568 विदिशा से भोपाल की और जा रहा था. तभी सलामतपुर थाने के पास सामने से आ रही पल्सर मोटरसाइकिल एमपी04 डब्लूए 7243 में टक्कर मार दी. जिससे मोटरसाइकिल व सवार संजय रावत पिता विजयराम रावत 19 निवासी राजीवनगर सलामतपुर व उसके दोस्त करण रावत को सिर, हाथ व पेर में गंभीर चोटें आ गई. दोनों घायलों का पहले सांची सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया. स्तिथी बिगड़ने पर दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय विदिशा भेजा गया है. वहीं लोडिंग ऑटो चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया. पुलिस ने ऑटो को जब्त कर ड्रायवर की तलाश शुरू कर दी है.संजय रावत अपनी मामी मुस्कान को खाना देने के लिए मोटरसाइकिल से दोस्त करण को साथ लेकर राजीवनगर से विदिशा अस्पताल जा रहा था. संजय की मामी मुस्कान के गर्भवती होने से विदिशा जिला चिकित्सालय अस्पताल में 2-3 दिन से भर्ती हैं. जहां पर उनकी डिलेवरी होने के बाद भर्ती किया गया है. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

### प्रशासन मौन- गढ्डों के कारण आए दिन हो रहे हैं हादसे

इन दिनों भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं. भोपाल भानपुर से लेकर सलामतपुर त्रिमूर्ति चौराहे तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, इनकी मरम्मत तो दूर इन्हें चूरी गिट्टी से भरकर खाना पूर्ति भी नहीं की जा रही है. वाहनों की आवाजाही के कारण यह गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं. कई गड्ढे तो 8- 8 इंच गहरे हैं. ऐसे में इनमें बस हो या ट्रक के दोनों पहिये धंस जाते हैं. गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं .नागरिक लंबे समय से हाईवे को फोरलेन करने की मांग कर रहे हैं.

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत मास्टर वालंटियरों को दिया प्रशिक्षण



**रायसेन, 20 मई.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग संचालनालय भोपाल तथा मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में रायसेन जिला मुख्यालय स्थित डाइट सभागृह में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चार दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है. जिसके दूसरे दिन बुधवार को जिले के विकासखंड बेगमगंज, सिलवानी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी को प्रशिक्षण दिया गया. यह प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता फैलाना है. वालंटियर अब अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देंगे.

## तीन माह से अधिक समय तक राजस्व प्रकरण लंबित न रहे : कलेक्टर



कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अधिकारियों को किया निर्देशित

**रायसेन, 20 मई.कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया.**

उन्होंने निर्देशित किया कि तीन माह से अधिक समयावधि का कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित ना रहे. सभी एसडीएम से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की संख्या, गत दिवस निराकृत किए गए प्रकरणों और आज निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए. साथ ही सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर अन्य विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की मॉनिटरिंग करने और फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा अधिकारी उपस्थित रहे.

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर को प्रशंसा-पत्र

**रायसेन, 20 मई.** रायसेन जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेला, स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य करने हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा को रोजगार आयुक्त मप्र द्वारा प्रशंसा पत्र भेजा गया है. रायसेन जिले ने अप्रैल में प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग सूची में पहला स्थान हासिल किया है.

## कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण

**लवानी, 20 मई.** परियोजना सिलवानी अंतर्गत सेक्टर बीकलपुर-जैथारी में कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषित बच्चों को सुपोषण की ओर ले जाना तथा 'सुपोषित रायसेन अभियान' को सफल बनाना रहा.

इस दौरान बीजेपी जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित कर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया. कार्यक्रम में कुल 30 बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई. कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक सुरक्षा विश्वकर्मा ने पोषण किट के सही उपयोग, उसकी विधि एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के नियमित पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील की. इस अवसर पर ग्राम पंचायत बीकलपुर के उपसरपंच काशीराम पोर्ते, सीडीपीओ आबिदा बी, सेक्टर पर्यवेक्षक अर्चना कुशवाहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




## कथा जीवन को सही दिशा देती है : रामपाल

**सिलवानी, 20 मई.** ग्राम सुल्तानपुर खमेरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी हुई है. कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान की दिव्य कथा एवं भजनों का रसपान कर रहे हैं.इसी क्रम में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह कथा में शामिल हुए. उन्होंने व्यासपीठ का पूजन कर कथावाचक पं. भूपेंद्र शास्त्री का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद उन्होंने श्रद्धाभाव के साथ श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया. इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती है. धार्मिक आयोजनों से समाज में सुख-शांति, भाईचारा एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.



## सड़क हादसे में 4 लोग घायल

**बेगमगंज़ 20 मई.** सागर रोड पर मानकी सलैया गांव के पास मंगलवार रात करीब 8 बजे एक बाइक एवं स्कूटी की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए. घायलों को बेगमगंज सिविल अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी स्थिति चिंताजनक होने से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया. पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.

### परेशानी का सबब ▶ हॉकर्स जोन बनने के बाद भी सड़क पर बैठ रहे सब्जी विक्रेता

## सिलवानी में जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ी परेशानी

बॉटम
फोटो हॉकर्स 1, हॉकर्स 2

**सिलवानी, 20 मई.** नगर में सब्जी व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने के लिए नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए की लागत से निर्मित हॉकर्स जोन अपनी उपयोगिता साबित नहीं कर पा रहा है. सब्जी विक्रेताओं को सड़क किनारे अस्थायी बाजारों से हटाकर एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह हॉकर्स जोन आज भी खाली पड़ा हुआ है, जबकि नगर की मुख्य सड़कों और चौराहों पर सब्जी विक्रेता रोजाना दुकानें सजाए बैठे दिखाई देते हैं.

नगर परिषद ने नगर की बहुमूल्य भूमि पर हॉकर्स जोन का निर्माण इस सोच के साथ कराया था कि सब्जी विक्रेताओं को छत के नीचे स्थायी स्थान मिलेगा, जहां वे बिना किसी अव्यवस्था और परेशानी के अपना कारोबार कर सकेंगे. इसके माध्यम से नगर की यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने की योजना थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते यह व्यवस्था धरातल पर सफल होती नजर नहीं आ रही है.



### लाखों खर्च, फिर भी खाली पड़ी दुकानें

नगर परिषद द्वारा तैयार किए गए हॉकर्स जोन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, ताकि सब्जी विक्रेता वहां आसानी से अपना व्यापार कर सकें. इसके बावजूद दुकानें खाली पड़ी हुई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन सख्ती से सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को हटाकर विक्रेताओं को हॉकर्स जोन में स्थानांतरित करे, तो नगर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हो सकता है.

### इनका कहना है

जो भी सब्जी की दुकानें सड़क किनारे लगाई जा रही हैं, उनको अतिशीघ्र हटाया जाएगा एवं नगर परिषद में बैठक बुलाकर हॉकर्स जॉन कि दुकानों नीलम की जाएगी.

**ऋषिकांत यादव,**
**सीएमओ सिलवानी.**

### उठ रहे सवाल

हॉकर्स जोन बनने के बाद भी सड़कों पर लग रहे बाजार को लेकर अब नगर परिषद और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं. नागरिकों का कहना है कि जब लाखों रुपए खर्च कर स्थायी व्यवस्था तैयार की गई है, तो उसका उपयोग सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है. नगरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द ठोस कदम उठाकर सब्जी विक्रेताओं को हॉकर्स जोन में व्यवस्थित करे, ताकि नगर को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके.

## डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले



**सिलवानी, 20 मई.** उत्कृष्ट शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड पर आयोजित रात्रिकालीन लेदर बॉल डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन मंगलवार को दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले. प्रतियोगिता का पहला मुकाबला असलम इलेवन और लक्ष्य इलेवन के बीच खेला गया. निर्धारित 18 ओवरों में पहले बल्लेबाजी करते हुए असलम इलेवन ने 176 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी लक्ष्य इलेवन की टीम 103 रन पर ऑलआउट हो गई. इस प्रकार असलम इलेवन ने 73 रन से शानदार जीत दर्ज की. मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वेदांत मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया.

दूसरा मुकाबला ज्ञान सागर इलेवन और मिंटू इलेवन के बीच खेला गया. टॉस जीतकर ज्ञान सागर इलेवन ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया. ज्ञान सागर इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिंटू इलेवन को मात्र 100 रन पर ऑलआउट कर दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्ञान सागर इलेवन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया. टीम की ओर से आर. एस. ठाकुर ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया.

> **ज्ञान सागर इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिंटू इलेवन को मात्र 100 रन पर ऑलआउट कर दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्ञान सागर इलेवन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया.**